CISF AC (EXE) LDCE - 2017

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO*

**T.B.C. : GAIP-A-TNS**

**Test Booklet Series**

**Serial** 1000469

**A**

# TEST BOOKLET

# GENERAL ABILITY, INTELLIGENCE AND PROFESSIONAL SKILLS

***Time Allowed : Two Hours and Thirty Minutes*** ***Maximum Marks : 300***

## INSTRUCTIONS

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET ***DOES NOT*** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS, ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET.

2. **Please note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.**

3. You have to enter your Roll Number on the Test Booklet in the Box provided alongside. ***DO NOT*** write ***anything else*** on the Test Booklet.

4. This Test Booklet contains **150** items (questions). Each item is printed both in **Hindi** and **English**. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ***ONLY ONE*** response for each item.

5. You have to mark all your responses ***ONLY*** on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.

6. ***All*** items carry equal marks.

7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your Admission Certificate.

8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and the examination has concluded, you should hand over to the Invigilator ***only the Answer Sheet***. You are permitted to take away with you the Test Booklet.

9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.

10. There is no negative marking for wrong answers.

11. This Test Booklet consists of **Two Parts**. **Part A** deals with **General Ability and Intelligence** and consists of **75** questions. **Part B** deals with **Professional Skills** and consists of **75** questions. All **150** questions are to be answered.

*DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO*

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपान्तर इस पुस्तिका के पिछले पृष्ठ पर छपा है ।

## PART A

## GENERAL ABILITY AND INTELLIGENCE

1. Which one of the following is ***not*** a Fundamental Duty prescribed in the Constitution of India ?
   (a) To value and preserve the rich heritage of our composite culture
   (b) To protect and improve the natural environment
   (c) To safeguard public property and abjure violence
   (d) To promote international peace and security

2. The First Schedule of the Constitution of India consists of
   (a) A list of States and Union Territories of India
   (b) The Union and State Lists
   (c) Languages
   (d) Acts outside the purview of judicial review

3. Which one of the following statements is ***not*** correct about the Right to Constitutional Remedies under Article 32 of the Constitution of India ?
   (a) It is a right for the enforcement of Fundamental Rights.
   (b) The Supreme Court has the power to issue writs under this provision.
   (c) The rights guaranteed by this Article cannot be suspended.
   (d) The Parliament can empower any other court to exercise the powers of issuing writ under this provision.

4. In which one of the following Articles, does the Constitution of India abolish 'untouchability' and its practice in any form ?
   (a) Article 17
   (b) Article 18
   (c) Article 19
   (d) Article 15

5. Which one of the following is ***not*** a right guaranteed by Article 19 of the Constitution of India ?
   (a) Freedom of speech and expression
   (b) Freedom to practice any profession
   (c) Freedom to follow a religion of one's choice
   (d) Freedom to form associations or unions

6. Which one of the following is ***not*** one of the modes of acquisition of citizenship under the Citizenship Act, 1955 ?
   (a) Descent
   (b) Registration
   (c) Incorporation of territory
   (d) Overseas citizenship/dual citizenship

7. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched ?
   (a) Lord North : Regulating Act of 1773
   (b) Lord Cornwallis : Permanent Settlement
   (c) Lord Bentinck : Abolition of Sati
   (d) Lord Canning : Minute on Indian Education

8. Which one of the following statements about the Bhakti movement in India is ***not*** correct ?
   (a) Ramanuja taught at the Meenakshi temple of Madurai.
   (b) The founder of Madhava sect was a Kanarese Brahmin.
   (c) Telugu Brahmin Nimbarka settled near Mathura and greatly influenced the Bhakti movement.
   (d) Impact of Sahajiyas, Tantrics and Nathyogis led to the development of North Indian Sant tradition.

9. Which one of the following does ***not*** describe one part of the classic Hindu temple ?
   (a) *Garbhagriha*
   (b) *Mandapa*
   (c) *Tribhanga*
   (d) *Antarala*

## भाग A
## सामान्य योग्यता और बुद्धिमत्ता

1. निम्नलिखित में से कौन-सा, भारत के संविधान में विहित एक मूल कर्तव्य *नहीं* है ?
   (a) हमारी सामासिक संस्कृति की गौरवशाली परंपरा का महत्त्व समझना और उसका परिरक्षण करना
   (b) प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना और उसका संवर्धन करना
   (c) सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखना और हिंसा से दूर रहना
   (d) अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना

2. भारत के संविधान की प्रथम अनुसूची में क्या दिया गया है ?
   (a) भारत के राज्यों और संघ राज्यक्षेत्रों की सूची
   (b) संघ और राज्य सूचियाँ
   (c) भाषाएँ
   (d) न्यायिक पुनर्विलोकन के कार्यक्षेत्र के बाहर के अधिनियम

3. भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के अंतर्गत संवैधानिक उपचारों के अधिकार के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?
   (a) यह मूल अधिकारों के प्रवर्तन का अधिकार है ।
   (b) इस उपबंध के अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय को रिट जारी करने का अधिकार है ।
   (c) इस अनुच्छेद द्वारा प्रत्याभूत अधिकारों को निलंबित नहीं किया जा सकता ।
   (d) इस उपबंध के अंतर्गत संसद, किसी अन्य न्यायालय को रिट जारी करने के अधिकार का प्रयोग करने की शक्ति दे सकती है ।

4. निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में, भारत का संविधान 'अस्पृश्यता' और किसी भी रूप में इसके व्यवहार को समाप्त करता है ?
   (a) अनुच्छेद 17
   (b) अनुच्छेद 18
   (c) अनुच्छेद 19
   (d) अनुच्छेद 15

5. भारत के संविधान के अनुच्छेद 19 द्वारा प्रत्याभूत अधिकारों में निम्नलिखित में से क्या *नहीं* है ?
   (a) वाक्-स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति-स्वातंत्र्य
   (b) कोई भी वृत्ति करने का स्वातंत्र्य
   (c) अपनी पसंद के धर्म का पालन करने का स्वातंत्र्य
   (d) संगमों अथवा संघों को बनाने का स्वातंत्र्य

6. नागरिकता अधिनियम, 1955 के अंतर्गत निम्नलिखित में से कौन-सी रीति, नागरिकता प्राप्त करने की रीति *नहीं* है ?
   (a) वंशानुक्रम
   (b) पंजीकरण
   (c) राज्यक्षेत्र का सम्मिलित होना
   (d) विदेशी नागरिकता/दोहरी नागरिकता

7. निम्नलिखित युग्मों में से कौन-सा सही सुमेलित *नहीं* है ?
   (a) लॉर्ड नॉर्थ : 1773 का रेग्यूलेटिंग ऐक्ट
   (b) लॉर्ड कॉर्नवालिस : चिरस्थायी बंदोबस्त
   (c) लॉर्ड बेंटिंक : सती-प्रथा का उन्मूलन
   (d) लॉर्ड कैनिंग : भारतीय शिक्षा का कार्यवृत्त

8. भारत में भक्ति आन्दोलन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही *नहीं* है ?
   (a) रामानुज मदुरई के मीनाक्षी मन्दिर में अध्यापन करते थे ।
   (b) माधव संप्रदाय का संस्थापक एक कनरेस ब्राह्मण था ।
   (c) तेलुगु ब्राह्मण निम्बार्क मथुरा के नज़दीक बस गए थे और उन्होंने भक्ति आन्दोलन को अत्यधिक प्रभावित किया ।
   (d) उत्तर भारतीय संत परम्परा का विकास सहजियाओं, तांत्रिकों और नाथयोगियों के प्रभाव से हुआ ।

9. क्लासिकी (कालजयी) हिन्दू मंदिर के एक हिस्से का वर्णन, निम्नलिखित में से किसमें *नहीं* होता है ?
   (a) *गर्भगृह*
   (b) *मंडप*
   (c) *त्रिभंग*
   (d) *अन्तराल*

**10.** Which one of the following prompted the Mughals to enter into trade negotiations with the English in the early 17th century ?

(a) The English victory over the Portuguese fleet off Swally in 1612

(b) The gifts sent by the English king to the Mughal emperor

(c) The diplomatic skills of William Hawkins

(d) The skills of Sir Thomas Roe

**11.** Which one among the following temples is the earliest in time ?

(a) The Sun Temple at Martand

(b) The Jandial Temple

(c) The Gupta Temple at Deogarh

(d) The Kailasanatha Temple at Kanchipuram

**12.** Which one of the following periods in the history of Indian planning has ***not*** been a period of Annual Plans ?

(a) 1966 – 69

(b) 1979 – 80

(c) 1990 – 92

(d) 1992 – 97

**13.** At 8 : 30 am, the angle between the minute and hour hands is

(a) 70°

(b) 75°

(c) 80°

(d) 85°

**14.** How many times will the digit 5 come in counting from 1 to 99, excluding those numbers which are divisible by 3 ?

(a) 16

(b) 15

(c) 14

(d) 13

**15.** X paid ₹ 47 for certain cups of tea and coffee. If tea costs ₹ 5 per cup and coffee costs ₹ 8 per cup, which one of the following statements is correct ?

(a) He drank 8 cups of tea and coffee.

(b) He drank the same number of cups of tea and coffee.

(c) He drank more tea than coffee.

(d) He drank more coffee than tea.

**16.** In a certain year, a school had 60% boys and 40% girls as students. In the next five years the number of boys decreased by 10% and the number of girls increased by 10%. What is the change in total roll strength of the school in the five years ?

(a) 3% increase

(b) 2% decrease

(c) No change

(d) 5% decrease

**17.** Given that 1st November 2019 is a Friday. Then 1st November 2022 is a

(a) Monday

(b) Tuesday

(c) Wednesday

(d) Thursday

**18.** The sum of two numbers is 143. If the greater number is divided by the difference of the numbers, the quotient is 7. What is the difference of the two numbers ?

(a) 9

(b) 11

(c) 14

(d) 15

**19.** Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I (City)* | | *List II (River)* | |
|---|---|---|---|
| A. | Lucknow | 1. | Ganga |
| B. | Jabalpur | 2. | Tapti |
| C. | Surat | 3. | Narmada |
| D. | Patna | 4. | Gomti |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

10. 17वीं शताब्दी के आरंभिक काल में अंग्रेज़ों के साथ व्यापार वार्ताएँ शुरू करने के लिए मुग़ल, निम्नलिखित में से किस बात से प्रेरित हुए ?

(a) 1612 में स्वैली (सुवेली) में पुर्तगाली जहाज़ी बेड़े पर अंग्रेज़ों की विजय

(b) अंग्रेज़ राजा द्वारा मुग़ल बादशाह को भेजे गए उपहार

(c) विलियम हॉकिन्स की राजनयिक निपुणता

(d) सर थॉमस रो के कौशल

11. निम्नलिखित में से कौन-सा मंदिर समय के हिसाब से प्राचीनतम है ?

(a) मार्तण्ड स्थित सूर्य मंदिर

(b) जंडियाल मंदिर

(c) देवगढ़ स्थित गुप्त मंदिर

(d) कांचीपुरम स्थित कैलासनाथ मंदिर

12. भारतीय योजना के इतिहास में निम्नलिखित में से कौन-सी अवधि वार्षिक योजनाओं की एक अवधि *नहीं* रही है ?

(a) 1966 – 69

(b) 1979 – 80

(c) 1990 – 92

(d) 1992 – 97

13. 8 : 30 am पर, मिनट और घंटे की सुइयों के बीच का कोण कितना होता है ?

(a) 70°

(b) 75°

(c) 80°

(d) 85°

14. उन संख्याओं को छोड़कर जो 3 से विभाज्य हैं, 1 से 99 की गिनती में अंक 5 कितनी बार आएगा ?

(a) 16

(b) 15

(c) 14

(d) 13

15. कुछ प्याले चाय और कुछ प्याले कॉफ़ी के लिए X ने ₹ 47 का भुगतान किया । यदि चाय का मूल्य ₹ 5 प्रति प्याला और कॉफ़ी का मूल्य ₹ 8 प्रति प्याला है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) उसने 8 प्याले चाय और कॉफ़ी पी ।

(b) उसने समान संख्या में चाय और कॉफ़ी के प्याले पिए ।

(c) उसने कॉफ़ी की तुलना में चाय अधिक पी ।

(d) उसने चाय की तुलना में कॉफ़ी अधिक पी ।

16. किसी वर्ष एक विद्यालय में 60% लड़के तथा 40% लड़कियाँ विद्यार्थी थे । अगले पाँच वर्षों में लड़कों की संख्या 10% घट गई और लड़कियों की संख्या 10% बढ़ गई । पाँच वर्षों में विद्यालय की कुल नामावली संख्या में कितना परिवर्तन हुआ ?

(a) 3% वृद्धि

(b) 2% ह्रास

(c) कोई परिवर्तन नहीं

(d) 5% ह्रास

17. यह दिया गया है कि 1 नवम्बर 2019 को शुक्रवार है । तब 1 नवम्बर 2022 को कौन-सा दिन होगा ?

(a) सोमवार

(b) मंगलवार

(c) बुधवार

(d) बृहस्पतिवार

18. दो संख्याओं का योगफल 143 है । यदि बड़ी संख्या को संख्याओं के अन्तर से विभाजित करने पर भागफल 7 आता है, तो संख्याओं का अन्तर कितना है ?

(a) 9

(b) 11

(c) 14

(d) 15

19. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I (नगर)* | *सूची II (नदी)* |
|---|---|
| A. लखनऊ | 1. गंगा |
| B. जबलपुर | 2. ताप्ती |
| C. सूरत | 3. नर्मदा |
| D. पटना | 4. गोमती |

**कूट :**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

20. Gir National Park is famous for

(a) Tiger
(b) Lion
(c) Migratory birds
(d) One-horn rhinoceros

21. Chinook is

(a) A very warm and dry wind on the eastern slopes of the Rockies
(b) A violent and extremely cold wind of the Tundras
(c) An extremely cold wind in central Siberia
(d) A dry and dusty wind off the west coast of Africa blowing from the deserts

22. The following are the major peaks of the Himalayas. Arrange them from higher to lower altitudes :

1. Kanchanjunga
2. Nanga Parbat
3. Nanda Devi
4. Dhaulagiri

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1-4-2-3
(b) 1-2-4-3
(c) 4-1-2-3
(d) 2-3-1-4

23. Longest day/night is experienced during a year in the

(a) Equator
(b) Pole
(c) Tropics of Cancer/Capricorn
(d) Arctic/Antarctic Circle

24. Newton's law of motion ***cannot*** be applicable to the particles moving at a speed comparable to the speed of

(a) light
(b) sound
(c) rocket
(d) bullet train

25. Bose-Einstein Condensate (BEC) is formed by cooling a gas of extremely low density, about one-hundred-thousandth the density of normal air. This is treated as

(a) II state of matter
(b) III state of matter
(c) IV state of matter
(d) V state of matter

26. The phenomenon of change of a liquid into vapours at any temperature is known as evaporation, which takes place

(a) at its boiling point
(b) above its boiling point
(c) below its boiling point
(d) at room temperature

27. Automobiles are fitted with a device that shows the distance travelled. Such a device is known as

(a) Speedometer
(b) Cathetometer
(c) Odometer
(d) Lactometer

28. Which one of the following non-metals is present in solid state ?

(a) Bromine
(b) Boron
(c) Krypton
(d) Radon

29. Which one of the following statements about air is correct ?

(a) Air is a compound.
(b) Air is a mixture.
(c) Air is an element.
(d) Air always has more oxygen than nitrogen.

30. Which one of the following cities hosted the first International Agrobiodiversity Congress in the month of November 2016 ?

(a) New Delhi
(b) Jakarta
(c) Colombo
(d) Dhaka

20. गिर राष्ट्रीय उद्यान किस लिए प्रसिद्ध है ?
(a) बाघ
(b) शेर
(c) प्रवासी पक्षी
(d) एक सींग वाला गैंडा

21. चिनूक क्या है ?
(a) रॉकीज़ के पूर्वी ढालों पर बहुत गर्म और सूखी पवन
(b) टुन्ड्रास की प्रचंड और अत्यधिक ठंडी पवन
(c) मध्य साइबेरिया में अत्यधिक ठंडी पवन
(d) अफ्रीका के पश्चिमी तट पर रेगिस्तान की ओर से बहने वाली सूखी एवं धूल भरी पवन

22. हिमालय की मुख्य चोटियाँ नीचे दी गई हैं । इन्हें उच्च से निम्न ऊँचाई के क्रम में व्यवस्थित कीजिए :
1. कंचनजंगा
2. नंगा पर्वत
3. नन्दा देवी
4. धौलागिरि

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :
(a) 1-4-2-3
(b) 1-2-4-3
(c) 4-1-2-3
(d) 2-3-1-4

23. किसी वर्ष के दौरान सबसे लम्बा दिन/रात कहाँ होता है ?
(a) भूमध्यरेखा
(b) ध्रुव
(c) कर्क-रेखा/मकर-रेखा
(d) उत्तर-ध्रुवीय वृत्त/दक्षिण-ध्रुवीय वृत्त

24. निम्नलिखित में से किसके तुल्य गति से गतिमान कणों पर न्यूटन का गतिकी नियम लागू *नहीं* होता है ?
(a) प्रकाश
(b) ध्वनि
(c) रॉकेट
(d) बुलेट ट्रेन

25. अत्यधिक निम्न घनत्व, सामान्य हवा के घनत्व के लगभग एक-लाखवें भाग के बराबर वाली किसी गैस के शीतलन से बोस-आइन्स्टाइन कंडनसेट/संघनित (BEC) बनता है । इसे क्या माना जाता है ?
(a) द्रव्य की II अवस्था
(b) द्रव्य की III अवस्था
(c) द्रव्य की IV अवस्था
(d) द्रव्य की V अवस्था

26. किसी भी तापमान पर किसी द्रव के वाष्प में परिवर्तन की परिघटना वाष्पीकरण कहलाती है, जो घटित होती है
(a) इसके क्वथनांक पर
(b) इसके क्वथनांक से ऊपर
(c) इसके क्वथनांक से नीचे
(d) सामान्य तापमान पर

27. ऑटोमोबाइल में एक यंत्र लगा होता है जो तय की गई दूरी को दर्शाता है । इस यंत्र को क्या कहा जाता है ?
(a) स्पीडोमीटर
(b) कैथेटोमीटर
(c) ओडोमीटर
(d) लैक्टोमीटर

28. निम्नलिखित में से कौन-सा अधातु ठोस अवस्था में मिलता है ?
(a) ब्रोमीन
(b) बोरॉन
(c) क्रिप्टॉन
(d) रेडॉन

29. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन, हवा के विषय में सही है ?
(a) हवा एक यौगिक है ।
(b) हवा एक मिश्रण है ।
(c) हवा एक तत्त्व है ।
(d) हवा में सदैव नाइट्रोजन से अधिक ऑक्सीजन होती है ।

30. प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय कृषि जैवविविधता कॉंग्रेस का आयोजन नवम्बर 2016 में, निम्नलिखित में से किस शहर में हुआ ?
(a) नई दिल्ली
(b) जकार्ता
(c) कोलम्बो
(d) ढाका

**31.** World Science Day for Peace and Development (organised by UNESCO) is celebrated worldwide on $10^{th}$ November every year. Which one of the following was the theme for the year 2016 ?

(a) Quality Science Education : ensuring a sustainable future for all

(b) Science for the rapprochement of peoples and cultures

(c) Celebrating Science Centres and Science Museums

(d) Science for a Sustainable Future

**32.** Which of the following statements with regard to the Pradhan Mantri Yuva Yojana is/are correct ?

1. This is a scheme on entrepreneurship education and training.
2. The scheme spans over a period of five years (2016-17 to 2020-21) with a project cost of around ₹ 500 crore.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**33.** The Ministry of Environment, Forest and Climate Change, in November 2016, has constituted a four-member team for conservation and management of which one of the following lakes ?

(a) Dal Lake, Jammu and Kashmir

(b) Damdama Lake, Haryana

(c) Loktak Lake, Manipur

(d) Chilika Lake, Odisha

**34.** Which one of the following statements about the Union Council of Ministers is ***not*** correct ?

(a) The Prime Minister is the Head of the Council of Ministers.

(b) The Council of Ministers advises the President in the exercise of his function.

(c) The President can ask the Council of Ministers to reconsider any advice.

(d) The advice given by the Council of Ministers is subject to judicial scrutiny.

**35.** Which one of the following statements with regard to the Preamble to the Constitution of India is ***not*** correct ?

(a) The Preamble is a part of the Constitution.

(b) It states the objective of the Constitution.

(c) The word 'Socialist' was added to the Preamble in 1976.

(d) The word 'Secular' was always a part of the Preamble.

**36.** Which one of the following statements with regard to the right to freedom of religion in India is ***not*** correct ?

(a) This right gives all persons freedom of conscience.

(b) It does not permit educational institutions maintained entirely by State funds to impart religious instructions.

(c) It prevents the State from making a law providing for social welfare and reforms.

(d) The reference to Hindu includes Sikhs, Jains and Buddhists.

31. विश्वभर में हर वर्ष 10 नवम्बर को "वर्ल्ड साइंस डे फॉर पीस ऐंड डेवलपमेंट (UNESCO द्वारा आयोजित)" मनाया जाता है । वर्ष 2016 के लिए इसकी विषय-वस्तु निम्नलिखित में से क्या थी ?

(a) उत्कृष्ट विज्ञान शिक्षा : सभी के लिए संधारणीय भविष्य सुनिश्चित करना

(b) लोगों और संस्कृतियों के मेल के लिए विज्ञान

(c) विज्ञान केन्द्रों और विज्ञान संग्रहालयों में उत्सव मनाना

(d) संधारणीय भविष्य के लिए विज्ञान

32. प्रधान मंत्री युवा योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. यह उद्यमवृत्ति शिक्षा और प्रशिक्षण पर एक स्कीम है ।
2. यह स्कीम पाँच वर्ष (2016-17 से 2020-21 तक) के लिए है, जिसकी परियोजना लागत लगभग ₹ 500 करोड़ है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

33. नवम्बर 2016 में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने, निम्नलिखित में से किस झील के संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए एक चार-सदस्यीय दल का गठन किया है ?

(a) डल झील, जम्मू और कश्मीर

(b) दमदमा झील, हरियाणा

(c) लोकटक झील, मणिपुर

(d) चिलिका झील, ओडिशा

34. संघीय मंत्रिपरिषद् के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) मंत्रिपरिषद् का प्रमुख प्रधान मंत्री होता है ।

(b) राष्ट्रपति को उनके कार्य निष्पादित करने में मंत्रिपरिषद् परामर्श देती है ।

(c) किसी परामर्श पर पुनर्विचार करने के लिए राष्ट्रपति, मंत्रिपरिषद् से कह सकते हैं ।

(d) मंत्रिपरिषद् द्वारा दिया गया परामर्श न्यायिक संवीक्षा के अधीन होता है ।

35. भारत के संविधान की उद्देशिका के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) उद्देशिका, संविधान का एक अंश है ।

(b) इसमें संविधान के उद्देश्य का उल्लेख है ।

(c) 1976 में उद्देशिका में 'समाजवादी' शब्द जोड़ा गया था ।

(d) शब्द 'पंथनिरपेक्ष' सदैव उद्देशिका का एक अंश था ।

36. भारत में धर्म की स्वतंत्रता के अधिकार के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यह अधिकार सभी व्यक्तियों को अंत:करण की स्वतंत्रता देता है ।

(b) यह राज्य निधियों से पूर्णत: पोषित शैक्षिक संस्थाओं को धार्मिक शिक्षण प्रदान करने की अनुमति नहीं देता है ।

(c) यह राज्य को ऐसी विधि बनाने से निवारित करता है जो सामाजिक कल्याण और सुधार के लिए हो ।

(d) हिन्दू के प्रति निर्देश में सिक्ख, जैन और बौद्ध शामिल हैं ।

37. The provision for a Uniform Civil Code exists in which of the following parts of the Constitution of India ?

(a) Fundamental Rights

(b) Directive Principles of State Policy

(c) Citizenship

(d) Fundamental Duties

38. Which one of the following statements with regard to the Amendment of the Constitution of India is ***not*** correct ?

(a) An Amendment Bill may be introduced in either House of the Parliament.

(b) The Amendment Bill must be passed by at least two-third of the members of each House present and voting.

(c) The State Legislatures are not required to ratify an Amendment Bill.

(d) The President of India cannot return an Amendment Bill for reconsideration.

39. Which one of the following statements about the founding of the Indian National Congress is correct ?

(a) It was founded in December 1885 by seventy-two political workers.

(b) It was founded in December 1885 under the leadership of David Hume.

(c) It was founded in Lahore.

(d) Lord Macaulay was the Viceroy of India at the time of its founding.

40. In which one of the following edicts is the name 'Ashoka' inscribed ?

(a) Shahbazgarhi major rock edict

(b) Minor rock edict – I at Maski

(c) Dhauli major rock edict

(d) Kandahar pillar edict

41. In ancient India, Mehrgarh was a

(a) neolithic site in the Bolan Valley

(b) graveyard of the Delhi Sultans

(c) kingdom in the Deccan area

(d) fort in Rajasthan

42. Mahavibhasa, an encyclopaedia of Buddhist philosophy is the work of which Buddhist Council ?

(a) First Council

(b) Second Council

(c) Third Council

(d) Fourth Council

43. 'A' and 'B' can complete a work in 2 hours and 55 minutes. 'A' alone can do the same work two hours faster than 'B' alone can. How long will 'B' take to do the work alone ?

(a) 2 hours and 10 minutes

(b) 4 hours and 10 minutes

(c) 5 hours

(d) 7 hours

44. The rabbit population in community A increases at 25% per year while that in community B increases at 50% per year. If the present populations of A and B are equal, what will be the ratio of the number of rabbits in community B to that in community A after 2 years ?

(a) 1·44

(b) 1·72

(c) 1·90

(d) 1·25

45. What is the number of all possible positive integer values of 'n' for which $n^2 + 96$ is a perfect square ?

(a) 2

(b) 4

(c) 5

(d) Infinite

37. भारत के संविधान के निम्नलिखित में से किस भाग में एकसमान सिविल संहिता का उपबंध मौजूद है ?

(a) मूल अधिकार

(b) राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व

(c) नागरिकता

(d) मूल कर्तव्य

38. भारत के संविधान के संशोधन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) एक संशोधन विधेयक संसद के किसी भी सदन में लाया जा सकता है ।

(b) प्रत्येक सदन में उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के कम-से-कम दो-तिहाई द्वारा संशोधन विधेयक पारित होना चाहिए ।

(c) किसी संशोधन विधेयक को राज्य विधानमंडलों से अनुसमर्थन करवाए जाने की आवश्यकता नहीं होती है ।

(d) भारत के राष्ट्रपति किसी संशोधन विधेयक को पुनर्विचार हेतु लौटा नहीं सकते हैं ।

39. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के संस्थापन के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(a) दिसम्बर 1885 में इसे बहत्तर राजनीतिक कार्यकर्ताओं द्वारा संस्थापित किया गया था ।

(b) दिसम्बर 1885 में इसे डेविड ह्यूम के नेतृत्व में संस्थापित किया गया था ।

(c) इसकी संस्थापना लाहौर में की गई थी ।

(d) इसकी संस्थापना के समय, लॉर्ड मैकॉले भारत के वाइसराय थे ।

40. निम्नलिखित में से किस राजादेश में नाम 'अशोक' उत्कीर्णित है ?

(a) शाहबाज़गढ़ी का बड़ा चट्टान राजादेश

(b) मस्की स्थित छोटा चट्टान राजादेश – I

(c) धौली का बड़ा चट्टान राजादेश

(d) कांधार स्तम्भ राजादेश

41. प्राचीन भारत में, मेहरगढ़ क्या था ?

(a) बोलन घाटी में एक नवपाषाण स्थल

(b) दिल्ली के सुल्तानों का कब्रिस्तान

(c) दक्कन क्षेत्र में एक राज्य

(d) राजस्थान में एक किला

42. महाविभाषा, जो बौद्ध दर्शन का एक विश्वकोश है, किस बौद्ध परिषद् की कृति है ?

(a) प्रथम परिषद्

(b) द्वितीय परिषद्

(c) तृतीय परिषद्

(d) चतुर्थ परिषद्

43. 'A' और 'B' किसी कार्य को 2 घंटे और 55 मिनट में पूरा करते हैं । उसी कार्य को अकेला 'A', अकेले 'B' से दो घंटे पहले पूरा कर सकता है । अकेले 'B' को उसी कार्य को करने में कितना समय लगेगा ?

(a) 2 घंटे और 10 मिनट

(b) 4 घंटे और 10 मिनट

(c) 5 घंटे

(d) 7 घंटे

44. समूह A में खरगोशों की आबादी 25% प्रति वर्ष की दर से बढ़ती है जबकि समूह B में 50% प्रति वर्ष की दर से बढ़ती है । यदि A और B की वर्तमान आबादी बराबर है, तो 2 वर्ष के बाद समूह B और समूह A के खरगोशों की संख्या का अनुपात क्या होगा ?

(a) 1·44

(b) 1·72

(c) 1·90

(d) 1·25

45. 'n' के सभी संभावित धनपूर्णांक मानों की संख्या क्या होगी जिनके लिए $n^2 + 96$ सम्पूर्ण वर्ग है ?

(a) 2

(b) 4

(c) 5

(d) अनन्त

46. The sum of two positive integers is 52 and their LCM is 168. What is the ratio between the numbers ?

(a) 2 : 3
(b) 5 : 4
(c) 7 : 6
(d) 7 : 8

47. The volcanic island 'Barren Island' is located in

(a) Chile
(b) India
(c) Italy
(d) Iceland

48. Which one among the following is the oldest nuclear power plant in India ?

(a) Kaiga
(b) Tarapur
(c) Kundankulam
(d) Kakrapar

49. The Headquarters of Central Railway Zone of Indian Railways is located at

(a) Jabalpur
(b) Mumbai
(c) Secunderabad
(d) Allahabad

50. Match List I with List II and select the correct answer using the code given below the lists :

| *List I* (*Wildlife Sanctuaries*) | | *List II* (*State*) |
|---|---|---|
| A. | Mahananda | 1. Odisha |
| B. | Malabar | 2. Tamil Nadu |
| C. | Satyamangalam | 3. West Bengal |
| D. | Lakhari Valley | 4. Kerala |

***Code :***

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

51. Which one of the following are the most widespread inorganic pelagic deposits on the ocean floor ?

(a) Red clay
(b) Radiolarian ooze
(c) Volcanic dust
(d) Calcareous ooze

52. Electron was discovered by

(a) Michael Faraday
(b) Joseph John Thomson
(c) Henry Cavendish
(d) Earnest Rutherford

53. Which one of the following is a reducing substance ?

(a) Oxygen
(b) Iron
(c) Potassium permanganate
(d) Potassium dichromate

54. Which one of the following statements about carbon dioxide is ***not*** correct ?

(a) It is a basic oxide.
(b) It is a greenhouse gas.
(c) It forms dry ice.
(d) It is consumed during photosynthesis.

55. Which one of the following materials is ***not*** present in gun powder ?

(a) Sulphur
(b) Charcoal
(c) Potassium nitrate
(d) Barium sulphate

56. Which one among the following is the richest source of vitamin C ?

(a) Apple
(b) Banana
(c) Amla
(d) Papaya

46. दो धनपूर्णांकों का योगफल 52 है तथा उनका LCM 168 है । दोनों संख्याओं का अनुपात क्या है ?

(a) 2 : 3
(b) 5 : 4
(c) 7 : 6
(d) 7 : 8

47. ज्वालामुखी द्वीप 'बैरन आइलैंड' कहाँ पर स्थित है ?

(a) चिली
(b) भारत
(c) इटली
(d) आइसलैंड

48. भारत का सबसे पुराना परमाणु ऊर्जा संयंत्र निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) कैगा
(b) तारापुर
(c) कुन्दनकुलम
(d) काकरापार

49. भारतीय रेलवे के मध्य रेलवे मंडल का मुख्यालय कहाँ स्थित है ?

(a) जबलपुर
(b) मुम्बई
(c) सिकन्दराबाद
(d) इलाहाबाद

50. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| *सूची I* *(वन्यजीव अभयारण्य)* | *सूची II* *(राज्य)* |
|---|---|
| A. महानन्दा | 1. ओडिशा |
| B. मालाबार | 2. तमिल नाडु |
| C. सत्यमंगलम | 3. पश्चिम बंगाल |
| D. लाखारी घाटी | 4. केरल |

*कूट :*

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 4 | 1 |

51. महासागर तल पर सर्वाधिक व्यापक अकार्बनिक पलैजिक निक्षिप्त, निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) लाल सिंधुपंक
(b) रेडियोलेरीय निपंक
(c) ज्वालामुखी धूलि
(d) कैल्सियमी सिंधुपंक

52. इलेक्ट्रॉन की खोज किसने की थी ?

(a) माइकल फैराडे
(b) जोसेफ जॉन थॉमसन
(c) हेनरी केवेन्डिश
(d) अर्नेस्ट रदरफोर्ड

53. निम्नलिखित में से कौन-सा एक अपचायक पदार्थ है ?

(a) ऑक्सीजन
(b) आइरन
(c) पोटैशियम परमैंगनेट
(d) पोटैशियम डाइक्रोमेट

54. कार्बन डाइऑक्साइड के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यह एक क्षारीय (बेसिक) ऑक्साइड है ।
(b) यह एक ग्रीनहाउस गैस है ।
(c) यह शुष्क बर्फ बनाती है ।
(d) प्रकाश-संश्लेषण के दौरान इसका उपभोग होता है ।

55. निम्नलिखित में से कौन-सा पदार्थ बारूद में ***नहीं*** होता है ?

(a) गंधक
(b) चारकोल
(c) पोटैशियम नाइट्रेट
(d) बेरियम सल्फेट

56. विटामिन C का सबसे प्रचुर स्रोत निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) सेब
(b) केला
(c) आँवला
(d) पपीता

57. Night blindness is caused by the deficiency of

(a) Vitamin C

(b) Vitamin A

(c) Vitamin K

(d) Vitamin B

58. Who among the following is regarded as the father of 'White Revolution' in India ?

(a) Dr. B.P. Pal

(b) Dr. V. Kurien

(c) Dr. S. Nagarajan

(d) Dr. Khem Singh Gill

59. Which of the following statements about the Paris Agreement on Climate Change is/are correct ?

1. The Agreement recognizes the developing countries' right to development and their efforts to harmonize development with environment, while protecting the interests of the most vulnerable.

2. The objective of the Agreement ensures that it is mitigation-centric.

Select the correct answer using the code given below :

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

60. Which one of the following countries was defeated by the Indian Women's hockey team in the final match, to lift the Asian Champions Trophy 2016 ?

(a) Japan

(b) Pakistan

(c) Bangladesh

(d) China

61. Which one of the following is the Official Mascot for the 2018 FIFA World Cup ?

(a) Zabivaka

(b) Fuleco

(c) Zakumi

(d) Footix

62. In May 2016, INSV Mhadei set sail for a voyage to Port Louis in Mauritius. Which one of the following statements about this voyage is ***not*** correct ?

(a) This was the first open-ocean voyage of the Indian Navy's all women crew of the Mhadei.

(b) It was a training voyage.

(c) The voyage was flagged off from Goa.

(d) It was skippered by Lieutenant P. Swathi.

63. The principle that the Constitution of India has a 'basic structure' or 'features' which could not be amended was laid down in which one of the following judgements ?

(a) Shankari Prasad vs Union of India (1951)

(b) Golak Nath vs State of Punjab (1967)

(c) Keshavananda Bharati vs State of Kerala (1973)

(d) Minerva Mills vs Union of India (1980)

64. Which one of the following statements regarding disqualification of MPs and MLAs on grounds of defection is ***not*** correct ?

(a) These provisions are listed in the Tenth Schedule of the Constitution of India.

(b) A member may be disqualified on grounds of defection.

(c) Disqualification on grounds of defection does not apply in case of merger.

(d) All questions regarding disqualification on grounds of defection are referred to the Election Commission of India.

57. किसके अभाव के कारण रतौंधी होती है ?

(a) विटामिन C

(b) विटामिन A

(c) विटामिन K

(d) विटामिन B

58. भारत में 'श्वेत क्रांति' का जनक निम्नलिखित में से किसे माना जाता है ?

(a) डॉ. बी.पी. पाल

(b) डॉ. वी. कुरियन

(c) डॉ. एस. नागराजन

(d) डॉ. खेम सिंह गिल

59. जलवायु परिवर्तन पर पेरिस समझौते के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

1. यह समझौता विकासशील देशों के विकास के अधिकार को और सबसे दुर्बल के हितों की रक्षा करते हुए पर्यावरण के संगत विकास के उनके प्रयासों को मान्यता देता है ।

2. इस समझौते का उद्देश्य यह सुनिश्चित करता है कि यह अल्पीकरण-केन्द्रित है ।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए :

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1, न ही 2

60. एशियन चैम्पियन्स ट्रॉफी 2016 जीतने के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम ने अन्तिम (फाइनल) मैच में, निम्नलिखित में से किस देश को हराया था ?

(a) जापान

(b) पाकिस्तान

(c) बांग्लादेश

(d) चीन

61. 2018 FIFA विश्व कप के लिए आधिकारिक शुभंकर निम्नलिखित में से कौन-सा है ?

(a) ज़ाबिवाका

(b) फुलेको

(c) ज़ाकुमि

(d) फूटिक्स

62. मई 2016 में, मॉरीशस में पोर्ट लुइस तक की समुद्रयात्रा के लिए, INSV महादेई ने जलयात्रा आरम्भ की । इस समुद्रयात्रा के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) यह भारतीय नौसेना के समस्त महिला कार्यदल वाले पोत महादेई की प्रथम खुला महासागर यात्रा थी ।

(b) यह एक प्रशिक्षण समुद्रयात्रा थी ।

(c) समुद्रयात्रा गोवा से आरम्भ हुई थी ।

(d) इसकी कप्तान लेफ्टिनेंट पी. स्वाति थी ।

63. यह सिद्धान्त कि भारत के संविधान की एक 'मूल संरचना' अथवा 'आकृति' है जिसे संशोधित नहीं किया जा सकता, निम्नलिखित में से किस निर्णय में अधिकथित है ?

(a) शंकरी प्रसाद बनाम भारत संघ (1951)

(b) गोलक नाथ बनाम पंजाब राज्य (1967)

(c) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य (1973)

(d) मिनेरवा मिल्स बनाम भारत संघ (1980)

64. दल-बदल के आधार पर MPs और MLAs की अयोग्यता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही ***नहीं*** है ?

(a) ये उपबंध, भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची में दिए गए हैं ।

(b) दल-बदल के आधार पर किसी सदस्य को अयोग्य किया जा सकता है ।

(c) दल-बदल के आधार पर अयोग्यता, विलय के मामले में लागू नहीं होती है ।

(d) दल-बदल के आधार पर अयोग्यता से संबंधित सभी प्रश्न भारत के निर्वाचन आयोग को निर्दिष्ट किए जाते हैं ।

65. Which one of the following countries was ***not*** a signatory to the SAARC Charter signed on December 1985 ?

(a) Afghanistan
(b) Sri Lanka
(c) Pakistan
(d) Maldives

66. Which one of the following institutions organizes the Dr. APJ Abdul Kalam IGNITE Awards for children ?

(a) National Innovation Foundation
(b) National Knowledge Commission
(c) Competition Commission of India
(d) National Innovation Council

67. 'No More Tension' mobile application is launched by

(a) Ministry of Commerce and Industries
(b) Ministry of Health and Family Welfare
(c) Ministry of Finance
(d) Ministry of External Affairs

68. Which two of the following extreme locations are connected by the East-West Corridor in India ?

(a) Silchar and Porbandar
(b) Mumbai and Nagpur
(c) Mumbai and Kolkata
(d) Nagpur and Siliguri

69. In which one of the following countries is Tamil an official language ?

(a) Singapore
(b) Indonesia
(c) Malaysia
(d) Thailand

70. Which one of the following is ***not*** a characteristic of continental shelves ?

(a) Sites of productive fishing grounds
(b) Oil and gas reserves
(c) Sites of submarine canyons
(d) Large stores of sand and gravel

71. The Aral Sea is situated between

(a) Kazakhstan and Uzbekistan
(b) Kazakhstan and Turkmenistan
(c) Uzbekistan and Turkmenistan
(d) Uzbekistan and Tajikistan

72. How are the small lakes in Ireland known as ?

(a) Loughs
(b) Bogs
(c) Creeks
(d) Brooks

73. Which one of the following is the main 'Rabi Season (winter season)' cereal crop of India ?

(a) Paddy
(b) Maize
(c) Millets
(d) Wheat

74. Sex ratio, in a population, is defined as the number of

(a) females for every thousand males
(b) females for every hundred males
(c) males for every hundred females
(d) males for every ten thousand females

75. Which one of the following was ***not*** a feature of India's foreign policy under Nehru ?

(a) Panchsheel
